वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः—

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः—1867/परीक्षा/2022

दिनांक : 05.08.2022

सेवा में,

प्राचार्य,
स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
गाजीपुर।

विषय— परीक्षा शुल्क के विरोध में पी0जी0 कालेज, गाजीपुर पर चल रहे छात्रों के धरना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके महाविद्यालय के समस्त छात्र/छात्राओं के ई0मेल पत्र दिनांक 02.08.2022 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा स्नातक द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा शुल्क के सम्बन्ध में आपत्तियों की गई है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा बिना विलम्ब शुल्क के तीन बार कमशः दिनांक 17.05.2022 से 26.05.2022 तक, दिनांक 27.05.2022 से 02.06.2022 तक तथा दिनांक 05.06.2022 से 08.06.2022 तक तिथियॉ निर्धारित की गयी थी, तत्पश्चात् विलम्ब शुल्क सहित दिनांक 26.06.2022 से 28.06.2022 तक तिथि निर्धारित की गयी थीं। छात्रों को बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा फार्म भरने हेतु पर्याप्त अवसर/अवधि प्रदान की गयी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के अन्तर्गत प्रथम सेमेस्टर में सम्मिलित समस्त छात्रों को द्वितीय सेमेस्टर में प्रमोट किये जाने का निर्देश हैं। तद्क्रम में ही द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा फार्म भरने हेतु तिथियॉ निर्धारित की गयी है। द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा फार्म भरने हेतु प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की आवश्यकता नहीं है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 से सम्बन्धित नियमावली विश्वविद्यालय के साईट पर अपलोड है। परीक्षा फार्म भरने की निर्धारित तिथियॉ दिनांक 17.05.2022 से 26.05.2022 तक, दिनांक 27.05.2022 से 02.06.2022 तक तथा दिनांक 05.06.2022 से 08.06.2022 तक अधिकांश छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म भर दिया गया था उनसे किसी प्रकार का विलम्ब शुल्क नहीं लिया गया है, तत्पश्चात् महाविद्यालयों एवं छात्रों की मॉग/सहमति से विलम्ब शुल्क सहित दिनांक दिनांक 26.06.2022 से 28.06.2022 तक तिथियॉ निर्धारित की गयी थी। विलम्ब शुल्क के सम्बन्ध में किसी छात्र द्वारा किसी प्रकार की आपत्ति दर्ज नहीं करायी गयी है। अतिरिक्त शुल्क के नाम पर छात्रों में भ्रम की स्थिति पैदा की जा रही है, जो उचित नहीं है। विश्वविद्यालय सदैव छात्र हित हेतु तत्पर है एवं विश्वविद्यालय के लिए छात्रों का हित सर्वोपरि है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से छात्रों को अपने स्तर से अवगत कराते हुए धरना समाप्त कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1 समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,जौनपुर।
2 जिलाधिकारी, जनपद, गाजीपुर।
3 पुलिस अधीक्षक, जनपद, गाजीपुर।
4 वित्त अधिकारी जी।
5 कुलसचिव जी।
6 निजी सचिव कुलपति, मा0कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
7 सम्पादक.. को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
8 प्रभारी, एम0आई0एस0 प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर आज ही अपलोड करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव